

**एक नजर में**

## कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद टीकमगढ़ में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग्जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों, विशेष शिक्षकों एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों एनजीओ ने सहभागिता की।**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पेंटिंग, निबंध लेखन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं संकेत भाषा गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उनकी सराहना की। विशेष शिक्षकों ने संकेत भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दिव्यांगजनों के लिए सशक्त संचार माध्यम बताया। आयोजन का उद्देश्य समाज में सांकेतिक भाषा के प्रति जागरूकता फैलाना एवं दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग्जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया।

# पुरातत्व के अधीन मंदिर के समीप से शराब दुकान का संचालन

**केन्द्रीय मंत्री के निर्देश के बाद नहीं हटाई शराब दुकान**

**जनप्रतिनिधियों की कारोबार में बताई जा रही हिस्सेदारी**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/मोहनगढ़**
**मध्यप्रदेश सरकार भले ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक नगरी में शराब विक्रय को लेकर प्रतिबंध लगा चुकी हो इसके बावजूद मोहनगढ़ में पुरातत्व विभाग के अधीन मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब की दुकान का संचालन किया जा रहा है। इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान ना देना कई सबालों को जन्म दे रहा है। शराब दुकानों का संचालन करने बाले ठेकेदारों ने इस वर्ष शराब के कारोबार में कुछ जनप्रतिनिधियों के परिजनों को हिस्सेदार बना लिया है जिसके चलते संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करते है।**

दरअसल जानकारों की माने तो टीकमगढ़ जिले के इतिहास के साथ प्राचीन धरोहरों की बात करे तो उसमें राजा मानसिंह की नगरी मोहनगढ़ का जिक्र अवश्य होता है, मोहनगढ़ कस्बा में बस स्टैंड के पास राजशाही दरवाजे के पास स्थित पुरातत्व विभाग में शामिल प्राचीन गुप्तेश्वर हनुमान मंदिर है, जो मध्य प्रदेश स्मारक एवं पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम 1964 के अंतर्गत राजकीय स्मारक के रूप में स्थापित है। प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर के ठीक बाहर पुरातत्व विभाग द्वारा बोर्ड लगाया गया है। जिसमें मंदिर की 200 मीटर सामने एवं 100 मीटर परिधि संरक्षित की गई है। ग्रामीणों की माने तो संरक्षित मंदिर की परिधि के अंदर शराब की दुकान संचालित हो रही है, जो लोगों की आस्था और धर्म के लिहाज से ठीक नहीं है। कंपनी के ठेकेदार की मनमानी के चलते शराब की दुकान के ठीक पीछे दो दो हनुमान मंदिर एवं सामने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहनगढ़ संचालित है, बताया गया कि स्कूल जाने वाले छात्राओं को शराब की दुकान के आसपास मडराते हुए अराजक तत्वों से भी कभी-कभी जूझना पड़ता है। पूर्व में भी मोहनगढ़ शराब दुकान को हटाए जाने को लेकर मोदी सरकार के मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने आबकारी विभाग को हिदायत दी थी। लेकिन शराब कंपनी के ठेकेदारों की मनमानी के चलते मंत्री की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब इस संबंध में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मोहनगढ़ बस स्टैंड पर संचालित शराब दुकान पुरातत्व विभाग में शामिल प्रसिद्ध और प्राचीन पंचमुखी गुप्तेश्वर मंदिर की परिधि में है, जहां से मोहनगढ़ के साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है उसके ठीक बगल में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर है, सामने कुछ ही दूरी पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

### जांच सही पाए जाने पर होगी कार्यवाही

मैं दिखवाता हूँ, यदि पुरातत्व के अधीन प्राचीन मंदिर है तो उसकी संरक्षित परिधि चिन्हित होगी साथ ही मंदिर की परिधि में शराब की दुकान अगर संचालित हो रही है तो संबंधित विभाग से बात कर जांच कराई जाएगी। जांच में पुरातत्व मंदिर की परिधि में शराब दुकान संचालित होना पाया गया तो शराब दुकान हटाए जाने की कार्यवाही भी करवाई जाएगी। इसके अलावा नियमानुसार जो भी मापदंड होंगे उसके तहत शराब दुकान का संचालन करने वाले ठेकेदार पर कार्यवाही होगी। लोगों की आस्था का हर एक बिन्दु पर ध्यान रखा जाएगा।

**रमेश चंद्र परमार**
**तहसीलदार मोहनगढ़**

## नगर परिषद अध्यक्ष ने किया श्रमदान



**नवभारत न्यूज जतारा।**
**नगर परिषद जतारा में शासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवकों, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर, सफाईमित्रो एवं नागरिकों की सहभागिता से वृहद स्तर पर एक दिन, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया।**

जिसमें जतारा एसडीएम संजय दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी, सीएमओ पदम कुमार जैन, उपाध्यक्ष फिरोज खान, पार्षद बाबूलाल गुप्ता, कलीम अली, पवन मोदी, स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर बृजकिशोर तिवारी, कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया, स्वच्छता प्रभारी राजेश सूत्रकार, रवि अहिरवार, श्यामबाबू बाल्मीक व अन्य नगर परिषद के कर्मचारी व अनिकेत रजक, अम्बर नायक अंकित जैन, उपस्थित रहे। श्रमदान के दौरान सभी जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नगर के बस स्टैण्ड व मैन बाजार की झाडू लगाकर साफ-सफाई की व अध्यक्ष रामजी नायक ने स्वयं नगर में फैले कचरे को उठाकर भरा और नगर वासियों से व दुकानदारों से आग्रह किया कि खुले में कचरा न डाले, शहर को गंदा न करने, सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक से बनी थैली का बिल्कुल भी उपयोग न करने की नगर के सभी नागरिकों से अपील की है।

## प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के नाश्ते में मिले कीड़े



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउन्ड मैदान में अन्य जिलों से आए स्कूली बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। प्रतियोगिताओं में व्यवस्था बनाने का जिम्मा शिक्षा विभाग को सौपा गया है। मगर व्यवस्थाओं में गड़बड़ी की तस्वीरे उस समय निकलकर सामने आई जब गुरूवार को बच्चों को दिए जाने बाले नास्ता में कीड़े दिखाई दिए।**

इस मामले में प्रतियोगिता में भाग लेने आए बच्चे जो सरोज कान्वेंट स्कूल में ठहरे हुए है। उन्होनें बताया कि हम लोगों को यहां से प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पुलिस लाईन तक पैदल जाना पड़ता है।

प्रशासन ने आने जाने के लिए किसी भी प्रकार की वाहन व्यवस्था नही की है। जिससे प्रतिभावान बच्चो में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके बावजूद आज गुरूवार को नास्ता में कीड़े निकलने पर बच्चों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही बच्चों को सुबह-शाम मिलने बाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सबाल उठाए जा रहे है। बच्चों ने जिला प्रशासन से प्रतियोगिताओं में शासन स्तर से मिलने बाली सुबिधाएं मुहैया कराए जाने की मांग की है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर को पीएचडी की उपाधि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शासकीय महाविद्यालय बल्देवगढ़ में पदस्थ समाजशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राम सुफल अनुरागी को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मप्र से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है।**

दरअसल प्रोफेसर डॉ. राम सुफ ल अनुरागी ने शोध केंद्र शासकीय ठाकुर रणमत सिंह स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा की समाजशास्त्र विषय की प्राध्यापक डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव के निर्देशन में अपना शोधकार्य पूर्ण किया। शोधकार्य का शीर्षक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन छतरपुर जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया है। डा. राम सुफल अनुरागी ने अपने शोध से यह निष्कर्ष निकाला है कि देश के 81 करोड़ खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं में से अपात्र उपभोक्ताओं को पात्रता से हटाया जाना आवश्यक है जिन्हें वास्तविकता में निशुल्क खाद्यान्न की आवश्यकता नहीं है। शोध कार्य में सुझाव दिया है कि खाद्यान्न वितरण की पीओएस मशीन को इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से कनेक्ट किया जाना आवश्यक है। शासकीय महाविद्यालय बल्देवगढ़ में पदस्थ समाजशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राम सुफ ल अनुरागी को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मप्र से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## डीईओ के खिलाफ शिकायत की जांच करने आई टीम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ हनुमत सिंह चौहान पर कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार और एससी-एसटी वर्ग के लोगों का शोषण करने का आरोप लगा है। मामले की जांच के लिए गुरुवार को सागर से तीन सदस्यीय टीम डीईओ ऑफिस पहुंची।**

जांच टीम में सहायक संचालक मनीषा अलकजेंडर, अनीता कुमार और संभागीय व्यवसायिक समन्वयक शिवेंद्र वंशल शामिल हैं। टीम के पहुंचते ही डीईओ हनुमत सिंह चौहान कार्यालय से नदारद हो गए। यह शिकायत भारतीय दलित महासंगठन नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव राजीव वर्मा ने डीपीआई के पास दर्ज कराई थी। सहायक संचालक मनीषा अलकजेंडर ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय से शिकायत मिली है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शिक्षा संचालक सागर को सौंपी जाएगी। इसके पहले रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी जिला शिक्षा अधिकारी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगाए थे। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत की थी। इसके अलावा डीईओ चौहान पर पूर्व में भ्रष्टाचार के आरोप भी लग चुके हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें निलंबित भी किया गया था।

## स्वच्छ पलेरा की बनाई मानव श्रृंखला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद् पलेरा द्वारा मोडल हाई सेकेंडरी स्कूल पलेरा के छात्रों ने एक अनूठी मानव शृंखला बनायी, जिसमें द्वारा स्वच्छ पलेरा लिखा गया।**

यह रचनात्मक पहल न केवल देश की एकता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को खुले में कचरा फैलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता की दिशा में एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद् पलेरा द्वारा मोडल हाई सेकेंडरी स्कूल पलेरा के छात्रों ने एक अनूठी मानव शृंखला बनायी, जिसमें द्वारा स्वच्छ पलेरा लिखा गया।

## उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज पलेरा।**
**स्थानीय नगर के विश्रामगृह में बीते गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।**

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को याद किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि पंडित उपाध्याय का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनका अंत्योदय सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाता है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक ने कार्यकर्ताओं से पंडित उपाध्याय के सपनों को साकार करने का आह्वान किया। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश नायक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम के समापन पर पंडित उपाध्याय के आदर्शों को अपनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, भाजपा नेता सुनील खटीक, राजेश नायक, हरसेवक राजपूत, श्रीमती कल्पना राजपूत, अशर्फी खान, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा, अवध नापित, तेज खान, राज दमेले समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांप के काटने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत

**मृतक के परिजन कई घंटों तक कराते रहे झाड़-फूंक**

**महाराजपुरा गांव में कोबरा सांप निकलने से मचा हड़कंप**



**नवभारत, न्यूज टीकमगढ़।**
**मुख्यालय के समीपस्थ सर्प दंश की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनोल गांव में एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बही शहर से लगे हुए ग्राम महाराजपुर मे एक कोबरा सांप निकाले से हड़कं प मच गया। पूनोल गांव में बच्चा जमीन पर सो रहा था तभी सांप ने उसके सिर में सांप ने डस लिया।**

जानकारी के अनुसार ग्राम पूनोल में बच्चे को सांप ने जैसे ही अपना शिकार बनाया तो बह चीख- चीख कर रोने लगा यह आबाज सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची। उन्होंने सांप को घटना स्थल पर देखा। वह अन्य परिजनों को बुलाने गई लेकिन तब तक सांप वहां से भाग चुका था। परिजन घायल बच्चे को पहले बाइक से दुमदुमा गांव ले गए। वहां कई घंटों तक झाड-फूं क की गई। जब बच्चे की हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया तब उसे बागाज माता मंदिर ले जाया गया। मंदिर में भी झाड-फूं क की गई लेकिन बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ आदिवासी के रूप में हुई है। उसके पिता रामलाल आदिवासी की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। बही दूसरी घटना में टीकमगढ़ तहसील के महाराजपुरा गांव में सर्प मित्र अमर सिंह लोधी ने एक मकान से 4.5 फ ीट लंबे कोबरा को पकड़ा। उन्होंने सांप को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया। शासन-प्रशासन सर्प दंश के मामलों में तुरंत अस्पताल जाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है लेकिन अभी भी लोग झाड-फूंक पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

मुख्यालय के समीपस्थ सर्प दंश की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। जिसमें दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनोल गांव में एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बही शहर से लगे हुए ग्राम महाराजपुर मे एक कोबरा सांप निकाले से हड़कं प मच गया। पूनोल गांव में बच्चा जमीन पर सो रहा था तभी सांप ने उसके सिर में सांप ने डस लिया।

**कार्यक्रम** ▶ **केंद्रीय मंत्री, कलेक्टर, सीएमओ सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता जन आंदोलन की शुरुआत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**पूर्व से प्रस्तवित सफाई आंदोलन कार्यक्रम की शुरूआत गुरूवार को नगर पालिका के तत्वाधान में कराई गई। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कराया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कराया जाएगा। गुरूवार को शुरू हुए स्वच्छता जन आंदोलन के तहत शहर के 20 चिह्नित स्थानों पर सुबह 8 से 9 बजे तक सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों सहित तमाम अधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।**

स्वच्छता जन आंदोलन के तहत शहर के केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया के साथ पुरानी तहसील परिसर में सफाई की। उन्होंने स्थानीय लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। अभियान में विभिन्न क्षेत्रों के नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव और संजय नायक ने ईदगाह के सामने सफाई कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने अंबेडकर चौराहा रोड पर अभियान का नेतृत्व कर समूचे स्थान पर साफ-सफाई की। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का एक हिस्सा है। इस दौरान शहर के सभी सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोग, स्कूली बच्चे, अधिकारी, मीडिया कर्मी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। अभियान के लिए चुने गए स्थान जिसमें शहर के सबसे अधिक गंदगी वाले क्षेत्रो को चिंहित किया गया था जहां यह अभियान चलाया जा रहा है। एक घंटे के सफाई अभियान के बाद इन स्थानों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें न केवल अपने घर-दुकान बल्कि सार्वजनिक स्थानों की सफाई के प्रति भी जिम्मेदार बनाना है। पूर्व से प्रस्तवित सफाई आंदोलन कार्यक्रम की शुरूआत गुरूवार को नगर पालिका के तत्वाधान में कराई गई। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कराया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कराया जाएगा।

### सामाजिक सहयोग से मिल रही कार्यक्रम को गति

सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने कहा कि अभियान की खास बात यह है कि इसके लिए शासन की ओर से या नगर पालिका की ओर से कोई अलग से बजट निर्धारित नहीं किया गया। सामाजिक सहयोग से स्वच्छता जन आंदोलन को पूरा किया गया। मेडिकल स्टोर संगठन ने ग्लव्स और मास्क नि:शुल्क उपलब्ध कराए है।

## एक दिवसीय अल्पविराम परिचय संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**प्रमुख सचिव राज्य आनंद संस्थान तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जतारा में मप्र जन अभियान परिषद और राज्य आनंद संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक जतारा में स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन कुंज पहाड़ी सामुदायिक भवन में किया गया।**

जिले के डीपीएल नितिन कुमार द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों आनंद के भाव एवं दैनंदिनी कार्यों में सकारात्मक सोच के विकास एवं आंतरिक अनुभूति के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें जतारा विकास खंड के कर्मचारियों के लिए अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक लोग शामिल हुए।

## स्वदेशी जागरण सप्ताह कार्यक्रम प्रारंभ



**नवभारत न्यूज जतारा।**
**शासकीय महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण सप्ताह का आरंभ जन अभियान परिषद के सहयोग से शासकीय महाविद्यालय जतारा में स्वदेशी जागरण सप्ताह के कार्यक्रम का आरंभ किया गया।**

सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया, तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर मानव एकात्मवाद एवं स्वदेशी के महत्व पर डॉक्टर लीना कुलथिया ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिरोज खान पठान, विशिष्ट अतिथि शिव कुमार साहू, राजकुमार जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य विजय कुमार शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लीना कुलथिया द्वारा किया गया। इस अवसर परसुनील तिवारी ,डॉक्टर सविता जैन डॉक्टर अरुण नामदेव महाविद्यालय स्टाफ नवल किशोर सक्सेना, मंगल सिंह, श्रीमती वर्षा साहू, राकेश अहिरवार, बृजेश साहू, देवेंद्र साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।